महत्वपूर्ण एवं खास

बेटे की तलाश में दर-दर भटकती मां एसएसपी कार्यालय में हुई बेहोश

मेरठ (आरएनएस)। कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के गाव अनूप नगर फजल निवासी एक महिला मंगलवार को एसएसपी ऑफिस पर आकर बेहोश हो गई। महिला से जब समस्या पूछी गई तो उसने बताया कि उसके बेटे का अपहरण करके हत्या कर दी गई है। महिला ने बताया कि उसके बेटे की लाश को गंग नहर में फेंक दिया है। एसएसपी ऑफिस पर लोगों की समस्या सुन रहे एएसपी सतपाल ने महिला को उठाया और पानी पिलाया। महिला को आश्वासन दिया कि उसके बेटे की जल्द ही तलाश की जाएगी।

गृहक्लेश में फांसी पर झूला युवक, परिवार में कोहराम

मेरठ (आरएनएस)। किठौर थाना क्षेत्र में गृहक्लेश के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। परिजनों ने पुलिस कार्यवाही से इंकार करते हुए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

भटीपुरा निवासी सतीश (30) पुत्र टेकचंद मजदूरी करता था। ग्रामीणों के अनुसार सतीश शराब का आदि था, जिसके चलते उसका अक्सर अपनी पत्नी कुंतेश से विवाद रहता था। सोमवार को सतीश किसी काम से कचहरी गया था। दोपहर करीब एक बजे वह शराब के नशे में धुत होकर वापस लौटा। जिसके बाद दंपत्ति के बीच विवाद हो गया और सतीश ने कुंतेश की पिटाई कर डाली। कुछ देर बाद कुंतेश पानी लेने बाहर चली गई। बताया जाता है कि इसी दौरान सतीश ने खुद को घर में बंद कर लिया और दीवार में लगे जंगले में गमछा बांधकर फांसी लगा ली। कुछ देर बाद उसकी पत्नी वापस लौटी तो दीवार से निकली ईट में से घर के भीतर सतीश का शव झूलता देख उसने शोर मचा दिया। जानकारी के बाद पहुंची डायल 100 की पुलिस ने दरवाजे का कुंडा तोड़कर सतीश के शव को फंदे से उतारा। घटना के बाद गाजियाबाद से पहुंचे मृतक के भाई व अन्य परिजनों ने पुलिस कार्यवाही से इंकार कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मृतक के परिवार में उसकी पुत्री प्राची (9) व रूचि (7) का रो-रोकर बुरा हाल है।

6 वर्षीय बालिका का बलात्कार के बाद हत्या

हरदोई (आरएनएस)। बिहानी कोतवाली अंतर्गत एक 6 वर्षीय बालिका का सब गन्ने के खेत पर मिला स्थानीय लोगों द्वारा सूचना पर पुलिस अधीक्षक विपिन कुमार मिश्रा समेत घटनास्थल पर मौका मुआयना करने के बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा है पुलिस अधीक्षक विपिन कुमार मिश्र ने बताया कि 12 जून को सुबह ग्राम भूड़ापुर मजरा अमिरता थाना पिहानी,हरदोई क्षेत्र में कुमारी रुचि उम्र करीब 06 वर्ष पुत्री अरविंद कुमार रैदास का गन्ने के खेत में शव मिला है । मृतका रुचि कल दिनांक 11जून को समय 5:30 बजे शाम से गायब थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रथम दृष्टया रेप के बाद हत्या करना प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद घटना के कारणों पर प्रकाश डाला जाएगा मृतका के पिता की तहरीर पर एफआई आर पंजीकृत कर पंचायत नामा व अन्य कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

पुलिस अभिरक्षा में बंदी फरार सिपाही निलंबित

हरदोई (आरएनएस)। जिला जेल में निरुद्ध सिद्ध दोष बंदियों को मैनपुरी न्यायालय में ले जाने के लिए पुलिस अभिरक्षा में भेजा गया। आज दिनांक 12 जून को 2 बंदियों में से एक बंदी पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। इस पर पुलिस अधीक्षक विपिन कुमार मिश्र ने सिपाहियों को निलंबित कर दिया है। मालूम हो कि कल दिनांक 11 जून को सुबह जिला कारागार हरदोई में निरुद्ध सिद्धदोष विचाराधीन बंदी संजू उर्फ संजय सिंह पुत्र गजेंद्र सिंह और महेश प्रताप उर्फ गोविंद पुत्र निर्मल सिंह को न्यायालय एडी जे-5 मैनपुरी, एडीजे- 6 मैनपुरी एवं सिविल जज(सी0डि0) एफटीसी मैनपुरी के समक्ष पुलिस कांस्टेबल बृजनंदन सिंह, कांस्टेबल किशनपांडे ,कांस्टेबल धर्मवीर सिंह की अभिरक्षा में भेजा गया था। आज दिनांक 12 जून को उपरोक्त कर्मचारियों द्वारा बंदी संजू उर्फ संजय सिंह को जिला कारागार हरदोई में दाखिल किया गया तथा बताया गया कि दूसरा बंदी महेश प्रताप उर्फ गोविंद पुत्र निर्मल सिंह कल शाम को पुलिस अभिरक्षा से भाग गया है। पुलिस अधीक्षक विपिन कुमार मिश्र ने तीनों सिपाहियों को को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है । फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए टीमें बनाई गई हैं।

संडीला क्षेत्र में दंपति से, हुई लूट के अभियुक्त गिरफ्तार

सण्डीला हरदोई (आरएनएस)। संडीला थाना क्षेत्र के अंतर्गत 6 जून को एक दांपत्य को रात रास्ते में अभियुक्तों ने तमंचे के बल पर लूटपाट की थी। जिसका मुकदमा संडीला थाने में दर्ज था। आज संडीला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उपरोक्त घटना के अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।मालूम हो कि दिनांक 6 जून को रात्रि 10:30 बजे राजकुमार गौतम पुत्र रामप्रसाद निवासी कसमंडी थाना मलिहाबाद लखनऊ अपनी पत्नी के साथ ग्राम पिछला खेड़ा से लौट रहे थे। ग्राम गदौरा थाना सण्डीला क्षेत्र में तीन व्यक्तियों ने एक पल्सर मोटरसाइकिल से आकर पति-पत्नी को रोककर 5500 व 2 मोबाइल तथा पत्नी के जेवर लूट लिए थे।

नकलीनोट छापने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

बहराइच (आरएनएस)। जरवलरोड थाना क्षेत्र अन्तर्गत नकली नोट बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए अभियुक्तो के कब्जे से कागज व केमिकल बरामद किया गया है। दो आरोपित गोंडा जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपितों को जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के करनियाडीह निवासी युवक ने पुलिस को सूचना दी कि कस्बे में तीन लोग केमिकल के सहारे नोट बनाने का झांसा देकर लोगों से ठगी कर रहे है। सूचना पर गंभीर हुए एसओ मधुप नरायन

मिश्र कस्बा चौकी इंचार्ज के व पुलिस बल के साथ मौके पर सादी वर्दी में पहुंच गए। पुलिस कर्मियों ने मौके से गोंडा जिले के कर्नलगंज थाना क्षेत्र के सदर बाजार निवासी मोनू सिंह पुत्र प्रभात सिंह व सालपुर निवासी वसीम पुत्र मासूम अली के साथ जरवलरोड थाना क्षेत्र के परसा बांध निवासी सुरेश पुत्र देवीदीन को हिरासत में ले लिया। इनके पास से 1200 रुपये नकद सादे कागज के नोट के आकार की गड्डी व केमिकल बरामद किया गया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे केमिकल के सहारे नोट बनाने का झांसा देकर लोगों से ठगी का काम करते हैं।

आसमान से बरसती आग से लोगों का जीना हुआ मुश्किल

सारा दिन पसीना से हो रहे बेहाल, बारिश का बेशब्री से इंतजार

फतेहपुर (आरएनएस)। बीते माह से पड़ रही प्रचंड गर्मी के बाद जून माह की शुरूआत से ही आसमान से बरस रही आग थमने का नाम नही ले रही है जिससे लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। गर्म हवा और चिलचिलाती धूप ने इंसान के साथ-साथ पशु पक्षियों को भी बेहाल कर दिया है। बारिश के दगा देने से लोगों का धैर्य भी जवाब दे रहा है। बारिश की आस में लोग रोज आसमान तो ताकते हैं लेकिन उन्हें नाउम्मीदी ही हाथ लग रही है। भीषण उमस और आसमान से बरसती आग ने अब लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। हालत इस कदर रही कि सुबह से ही गर्मी ने इंतहा कर दी।

गर्म हवा चलने से लोगों का पूरा समय पसीना बहाते गुजर रहा है। बारिश न होने से एक-एक दिन काटना मुश्किल है। एक पखवारे से बढ़ रहे पारे से बेहाल लोगों के बीच मची अकुलाहट उनकी उलझनों को बयां करती रही। मंगलवार को प्रचण्ड गर्मी के साथ उमस ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया। सुबह से ही उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान कर रखा था। आलम ऐसा कि दिन के 10 बजे से आसमान से आग बरसने लगी। ऊपर से पूर्वा हवा ने उमस बढ़ा दी। दोपहर होते-होते 1 बजे तक पारे ने लोगों को बेहाल कर दिया जिससे लोग बुरी तरह परेशान हो गए।

वायु सेना ने सरकार से फायरिंग रेंज की अनुमति मांगी

देहरादून (आरएनएस)। वायु सेना की मध्य कमान ने उत्तराखंड सरकार से मुन्स्यारी के समीप फायरिंग रेंज की अनुमति मांगी है। वायु सेना की मध्य कमान के अधिकारियों की मंगलवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के साथ बैठक हुई।

इस दौरान विंग कमांडर आशुतोष मिश्रा ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के साथ इसके लिए वार्ता कर ली गई है। यह क्षेत्र आबादी से काफी दूर है। प्रशिक्षण में बहुत ही कम क्षमता के बमों का प्रयोग किया जाता है। इसमें केवल रोशनी तथा धुंआ होता है। पयार्वरण को नुकसान नहीं होता है। भूस्खलन या हिमस्खलन का खतरा भी नहीं है। सभी सुरक्षा संबंधी मानकों का पूरा पालन किया जाता है। उन्होंने बताया कि वर्ष में सिर्फ तीन सप्ताह के लिए क्षेत्र की आवश्यकता होगी। सरकार द्वारा अभ्यास संबंधी अधिसूचना जारी करने तथा स्पष्ट अनुमति देने के बाद ही अभ्यास किया जाएगा।

ज्वैलरी और नकदी से भरा बैग ले उड़े चोर

ऋषिकेश (आरएनएस)। सरेशाम शातिर चोर एक घर में सेंध लगाकर एक बैग ले उड़े। बैग में ज्वैलरी, नकदी और अन्य जरूरी सामान था। पुलिस ने मामला संज्ञान में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। घटना मुनिकीरेती थाना क्षेत्र की है। मंगलवार को बीना रावत पत्नी हुकम सिंह रावत निवासी गंगा क्षेत्र कैलास गेट ने मुनिकीरेती पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार शाम वे घर की छत पर बनी रसोई में खाना बना रही थीं।

परिवार के अन्य सदस्य घर पर नहीं थे। बताया कि इसी बीच मौका पाकर घर में घुसा चोर कमरे से बैग लेकर भाग गया। कुछ देर बाद रसोई से कमरे में पहुंची तो होश उड़ गए। जिस बैग में ज्वैलरी, नकदी और अन्य सामान रखा था, वह गायब मिला। कमरे में काफी खोजबीन की, लेकिन बैग का कुछ पता नहीं चल सका।

युवती ने फौजी पर शादी का झांसा देकर रेप करने का लगाया आरोप

कानपुर (आरएनएस)। इंदौर की एक युवती ने फौजी पर शादी का झांसा देकर रेप करने का आरोप लगाया है। इंदौर निवासी युवती का आरोप है कि बिधनू गड़ेवा निवासी एक फौजी से दो साल पहले उसकी मुलाकात हुई थी। युवती का आरोप है इस दौरान फौजी ने शादी का झांसा देकर कई बार उसके साथ रेप किया। इसी बीच फौजी की शादी तय होने की जानकारी होने पर 18 मई को वह उसके घर पहुंची। तो फौजी ने बहला-फुसलाकर उससे इंदौर चलने की बात कही। इसके बाद फौजी

तीन साथियों के साथ उसे वैन से ले जाकर उरई के एक ढाबे में छोड़कर भाग गया। बिधनू थाना इंस्पेक्टर संजीव चौहान ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

युवती को बदनाम करने के लिए युवक ने युवती की अश्लील फोटो की फेसबुक पर अपलोड, मामला दर्ज

लखनऊ (आरएनएस)। यूपी में जहाँ एक तरफ एन्टी रोमियो स्क्वाट का गठन कर सराकर युवितयों से छेड़छाड़ करने वालो पर नकेल कस रही है तो वही दूसरी तरफ सोशल मीडिया पर छेड़छाड़ या बलैकमेलिंग के मामले लगातार सामने आते जा रहे हैं। ताजा मामला लखनऊ के अलीगंज थानाक्षेत्र का है जहाँ एक युवती की फेसबुक पर अश्लील फोटो पोस्ट कर युवक द्वारा ब्लैकमेल करने वाला मामला सामने आया है। बताया जाता है कि युवक कोई और नहीं खुद युवती के भाई का साला है जो लगातार उसके फेसबुक पर अश्लील पोस्ट करता रहता था इतना ही नहीं युवक ने युवती के साथ अपनी फोटो भी उसके फेसबुक पर अपलोड कर दी।

यूपी में 166 बीमार व्यक्तियों को 1.93 करोड़ रु. की मिली सरकारी सहायता

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गम्भीर बीमारियों से ग्रसित विभिन्न जनपदों के 166 व्यक्तियों को 01 करोड़ 93 लाख 33 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। यह आर्थिक सहायता मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से दी गई है।

यह जानकारी देते हुए राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि लाभार्थियों में जनपद जौनपुर की श्रीमती ज्ञान्ती देवी, अम्बेडकरनगर के श्री राजाराम, सीतापुर की कु. रूख़सार आदि शामिल हैं। लाभार्थियों में अधिकतर कैंसर, हृदय, किडनी तथा लिवर से सम्बन्धित बीमारियों से ग्रसित हैं।

अटल के स्वास्थ्य लाभ के लिए कराया रुद्राभिषेक

राम की पैड़ी स्थित चन्द्रहरि मंदिर में 11 ब्राहमणों के द्वारा हुआ रूदाभिषेक

अयोध्या-फैजाबाद (आरएनएस)। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ होने की कामना को लेकर सांसद लल्लू सिंह ने मंगलवार की सुबह अयोध्या राम की पैड़ी स्थित चन्द्रहरि मंदिर में रुद्राभिषेक किया। 11 ब्राहमणों के द्वारा विधिविधान से संतो की उपस्थिति में पूजन सम्पन्न हुआ। रुद्राभिषेक के दौरान सांसद लल्लू सिंह व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल के साथ मौजूद पार्टी के पदाधिकारियों ने ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना की। सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि अटल जी के जल्द स्वास्थ्य लाभ होने हेतु अयोध्या के संतो व पार्टी के नेताओं की मंशा रुदाभिषेक कराने की थी। जिसको लेकर यह आयोजन किया गया है। ईश्वर से कामना की गयी है कि भाजपा के पथ प्रदर्शक व देश को गौरवमयी कार्यकाल प्रदान करने वाले भारत के प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी को शीघ्र स्वस्थ्य करे। जिससे देश व पार्टी के कार्यकर्ताओं को सदा उनकी छत्रछाया मिलती रहे। उन्होने कहा कि आपातकाल से लेकर देश के नवनिर्माण तक उनका बड़ा योगदान रहा है।

भीषण गर्मी और तपिश से जन जीवन बेहाल

अमेठी (आरएनएस)। जून माह के दूसरे सप्ताह में गर्मी चरम पर है तपिश और उमस के कारण जन जीवन बेहाल है ,आसमान से आग बरस रही है ,जन जीवन अस्त है ,राहगीर परेशान है ,मंगलवार को लोग गर्मी और तपती धूप से परेशान सड़को पर छाया तलाशते नजर आये,कहीं भी कोई प्याऊ नजर नहीं आया ,लोग गर्मी और प्यास से त्रस्त रहे ,अनुमान जताया है की अभी दो दिन तक गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिलने वाली है ,प्रतीत हो रकी आसमान से अंगारे बरस रहे है।

कप्तान साहब! क्यों खुले घूम रहे हैं विवाहिता से गैंगरेप के आरोपी?

मेरठ (आरएनएस)। भाजपा के वरिष्ठ नेता कमलदत्त शर्मा लिसाड़ी निवासी गैंगरेप पीड़िता को लेकर एसएसपी से मिले। उन्होंने सवाल उठाया कि संप्रदाय विशेष के आरोपियों को आखिर पुलिस गिरफ्तार क्यों नहीं कर रही है।

भाजपा नेता के साथ पहुंची लिसाड़ी निवासी महिला ने बताया कि वह अनुसूचित जाति से है और ई रिक्शा किराए पर देने का काम करती है। जिसके चलते फतेहउल्लापुर रोड मिलन पैलेस निवासी नसीम पुत्र सलीम अक्सर उसके घर आता रहता था। महिला के अनुसार बीती 24 अप्रैल को वह अपने पुत्र के पास गंगानगर गई थी। आरोप है कि इसी दौरान नसीम व उसका एक अज्ञात साथी महिला के घर में घुस गए। नसीम व उसके साथी घर में मौजूद महिला की विवाहित पुत्री के साथ तमंचे की नोंक पर गैंगरेप किया। बाद में किसी को कुछ बताने पर पीडिता के पति व भाई की हत्या की धमकी देकर फरार हो गए। आरोप है कि लिसाड़ीगेट पुलिस ने शिकायत के बावजूद कार्यवाही नहीं की।

शूटर प्रिया को सौंपे 4.5 लाख रूपये का चैक

हर प्रतिभा को निखारने का प्रयास कर रही प्रदेश सरकारः सांसद

मेरठ (आरएनएस)। प्रदेश सरकार हर प्रतिभा की कद्र करना तथा उसको आगे बढाने लिए पूर्ण समर्पित है, ऐसा ही एक उदारण योगी सरकार द्वारा जनपद में मेरठ की मवाना तहसील के ग्राम भैंसा उर्फ भीष्मनगर की राष्ट्रीय स्तर की शूटर प्रिया को 4.5

लाख रूपये की आर्थिक मदद करके दिया है। प्रदेश सरकार खेंलों एवं खिलाडियों को निरंतर बढावा दे रही है और उनकों शिक्षा तथा तैयारी हेतु नये नये उपकरण भी उपलब्ध करा रही है ताकि वह विश्वस्तर पर खेलें और जनपद तथा प्रदेश का नाम रोशन कर सके।

फर्जी डीएसओ पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट, गये जेल

शाहाबाद हरदोई (आरएनएस)। डीएसओ बनकर कोटेदारों से वसूली करने में दबोचे गये युवक पर धोखाधडी की रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया। रविवार को नरहाई, फत्तेपुर गाजी के कोटेदारों से फर्जी जिला पूर्ति अधिकारी बनकर वसूली करने वाले युवक को गढेपुर की कोटेदार निर्मला देवी के पुत्र कमलेश ने



जांच से बचने के लिए पचास हजार रूपये की रकम मांगने के संदेह में दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस पूंछताछ में पकडे गये युवक ने शाहजहापुर के अल्हागंज निवासी धर्मेंद्र पुत्र विक्रम पाल के रूप में अपना परिचय दिया। पकडे गये युवक ने कोटेदारों से वसूली की बात भी स्वीकारी। फिलहाल सोमवार को रिपोर्ट दर्ज होने के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

ट्रको से अवैध बसूली करने वाला लुटेरा पकड़ा

माधौगढ़/उरई (आरएनएस)। मौरंग लादकर आने जाने वाले ट्रको से एक युवक रोआब दिखाकर रूपये ऐंठा करता था। एक ट्रक मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे पकड़ लिया वहीं थाने लाकर उसके विरूद्ध कार्यवाही की। वहीं पास से एक स्कारपियो कार व मोबाइल बरामद किये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना व कस्बा माधौगढ़ निवासी बिजय कुमार जो कि ट्रको से अवैध बसूली करता था। वह ट्रक चालको को रूआब दिखाकर उनसे रूपया ऐठता था।